तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

गौ आधारित उत्पाद और जैविक कृषि भारतीय ग्राम्य अर्थव्यवस्था की आत्मा

2



## खबर संक्षेप

### आईटीआई बलौदा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा महुदा में 26 फरवरी को टाटा मोटर्स क्वेस कॉर्प. लिमिटेड कैम्पस रिक्रूटमेंट पार्टनर के द्वारा आईटीआई पास विभिन्न व्यवसाय के उत्तीर्ण ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18-23 वर्ष है उनके लिए प्लेसमेंट कैम्पस का आयोजन किया जा रहा हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) ने बताया कि आवेदक निर्धारित तिथि को प्रातः 9.30 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते है।

### जनगणना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग के अंतर्गत प्रत्येक मकान का सूचीकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र किया जाएगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार सावधानीपूर्वक एवं त्रुटिरहित जानकारी संकलित करें, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसील जनगणना चार्ज अधिकारी, नगरीय जनगणना चार्ज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 28 तक खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में सामूहिक दवा सेवन गतिविधि संचालित की जा रही है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अपने कलेक्टोरेट के अपने कक्ष में फाइलेरिया की दवा का सेवन कर आमजन को जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी फाइलेरिया की दवा का सेवन किया। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति एवं शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक दवा सेवन की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी जनित रोग है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलता है। समय पर दवा सेवन से इस रोग की रोकथाम संभव है। यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की निगरानी में दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों एवं दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं दी जाती है।

### धर्मांतरण पर हंगामा, पांच के खिलाफ थाने में मामला दर्ज

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोंठी एवं पिपरदा सिद्ध बाबा मंदिर के पास धर्मांतरण मामले को लेकर हंगामा हो गया। मामले में पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सोंठी और पिपरदा के बीच सिद्ध बाबा मंदिर के पास एक ग्रामीण के घर में बाहर से आए एक पादरी द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। आरोप है कि सभा के माध्यम से लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही वे मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। इधर जानकारी मिलते ही ग्रामीण बडी संख्या में मौके पर पहुंच गए। विरोध के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने संबंधित पादरी को अपने साथ बम्हनीडीह थाने पहुंचाकर मामले में कार्रवाई की मांग की। इस मामले में ताम्रध्वज बंजारे, ईश्वर पटेल, दुष्यंत पटेल, पूरन पटेल एवं लक्ष्मी पटेल के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रायपुर जाते वक्त नांदघाट के पास हुआ हादसा

# स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी ट्रेलर से भिड़ी चालक व बाबू के रिश्तेदार की मौत

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वास्थ्य विभाग की सरकारी बोलेरो गाड़ी ट्रेलर से जा टकराई। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि गाड़ी में तीन लोग सवार थे, जिसमें से मुख्य लिपिक घायल हुआ है, जबकि उसके एक रिश्तेदार और स्वास्थ्य विभाग के सरकारी वाहन चालक की मौत हुई है।

घटना के संबंध में अस्पतालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 24 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ मुख्य लिपिक पुरूषोत्तम लाल साहू विभाग की शासकीय बोलेरो वाहन क्रमांक सीज 02 एयू 2665 को लेकर रायपुर जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि मुख्य लिपिक के साथ उसका रिश्तेदार भी सवार था। गाड़ी को शासकीय वाहन चालक सत्येन्द्र उपाध्याय चला रहा था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब सवा 10 बजे नांदघाट के पास पहुंचे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर उनकी गाड़ी ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि बोलेरो का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर चिपट गया। जिससे गाड़ी चला रहे सत्येन्द्र उपाध्याय मुख्य लिपिक पुरूषोत्तम लाल साहू और उसके रिश्तेदार रमेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, फिर लोगों की मदद से उन्हें गाड़ी से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने वाहन चालक सत्येन्द्र उपाध्याय और लिपिक के रिश्तेदार रमेश साहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि लिपिक पुरूषोत्तम लाल साहू को उपचार के लिए भर्ती किया गया। बताया जाता है कि उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मच गया। दोपहर के वक्त शवों को जांजगीर लाया गया, जहां से परिजनों के सुपुर्द किया गया।





दुर्घटना ग्रस्त बोलेरो तथा घायल को अस्पताल ले जाते परिजन।

### शासकीय वाहन के उपयोग पर उठे सवाल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के शासकीय वाहन के दुरूपयोग को लेकर पूर्व में भी सवाल उठते रहे है। वहीं मंगलवार को नांदघाट के पास स्वास्थ्य विभाग के बोलेरो वाहन की ट्रेलर से भिडंत और घटना में शासकीय वाहन चालक के साथ बाबू के रिश्तेदार की मौत ने फिर से सवाल खडे कर दिए है। सूत्रों की माने तो यहां के शासकीय वाहन का निजी उपयोग विगत माह से चला आ रहा है। इस घटना ने इसकी और भी पुष्टि कर दी है।

### दो की मौत

कार्यालय के मुख्य लिपिक ने पेंशन संबंधी कार्य को लेकर रायपुर जाने की बात कही थी। उसे शासकीय वाहन उपलब्ध कराया था, जिसमें विभाग के वाहन चालक के साथ वे जा रहे थे। घटना में चालक और मुख्य लिपिक के रिश्तेदार की मौत हुई है। लिपिक घायल है। लिपिक का रिश्तेदार साथ में कैसा गया था, इसकी जानकारी नहीं है।

-अनिता श्रीवास्तव
सीएमएचओ, जांजगीर

# ईंट भट्ठों पर दी दबिश, संचालकों से वसूला 4 लाख से अधिक का जुर्माना

### खनिज विभाग की टीम ने दर्जन भर गांवों में चलाया अभियान

.हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठो में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से चल रहे 14 भट्ठो पर कार्रवाई करते हुए संचालकों से 4 लाख 61 हजार 410 रुपए की वसूली की गई है। साथ ही साथ 2 हाइवा वाहन को पुलिस अभिरक्षा के तहत चंद्रपुर थाने में रखा गया है। इस तरह हुई कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि सक्ती में लगातार बिना अनुमति के ईट भट्ठा संचालन की जानकारी मिल रही थी।

जिले में खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठो में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से चल रहे 14 भट्ठो पर कार्रवाई करते हुए संचालकों से 4 लाख 61 हजार 410 रुपए की वसूली की गई है। साथ ही साथ 2 हाइवा वाहन को पुलिस अभिरक्षा के तहत चंद्रपुर थाने में रखा गया है। अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में एवं खनिज अधिकारी के. के. बजारे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा जिला सक्ती के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे ईंट पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम मंद्रागोढ़ी, सिंघनसरा, हरदी, बावनमुड़ी, डिक्सी, सिरली एवं सरायपाली में कुल 14 व्यक्तियों द्वारा ईंट निर्मित किया जाना पाया गया। जिस पर अलग-अलग भट्ठों में कार्यवाही करते हुए कुल 4 लाख 61 हजार 410 रुपये खनिज मद में जमा कराया गया है। इसी तरह चन्द्रपुर में 2 हाईवा निम्नश्रेणी चूनापत्थर का बिना अभिवहन पास परिवहन करते हुए पाए जाने पर पुलिस अभिरक्षा में थाना चन्द्रपुर में रखा गया है। कलेक्टर ने अमृत विकास ने 23 फरवरी को रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान जिले के सभी क्षेत्रों में विशेष कर अवैध रेत उत्खनन पर निगरानी रखते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में करही, मिरौनी, कलमा, राधापुर क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। उक्त स्थानों पर किसी प्रकार का अवैध चैन माउंटेन नहीं पाया गया। अवैध उत्खनन व परिवहन के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले के द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सक्ती जिले के दर्जन भर से अधिक गांवों में अवैध रूप से ईट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। ईंट भट्ठों का संचालन होने की वजह से आसपास पानी की कमी भी हो जाती है।



अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठा।

## प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने दी जान, फरार आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लगातार प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आग लगाकर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। घटना सक्ती के झूलकदम का है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के वार्ड क्रमांक 11 निवासी दिशा मरावी पिता जयकुमार मरावी, उम्र 23 वर्ष को ग्राम सकरेली निवासी योगेन्द्र साहू पिता यशवंत साहू, उम्र 23 वर्ष द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था। आरोपी द्वारा उसे बार-बार जातिगत गाली-गलौच कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था तथा उस पर विभिन्न प्रकार के दबाव डाले जाते थे। जांच में प्राप्त परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से प्रथम दृष्टया यह स्थापित हुआ कि आरोपी की प्रताड़ना से त्रस्त होकर मृतिका का सिंग ढाबा के ऊपर स्थित शिवम होटल के कमरा नंबर 105 में तारपीन तेल छिड़ककर अपनी जान दे दी। धारा 108 बीएनएस एवं 3(2)(5), 3(1)(ध) एसटी एससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी कर 24 फरवरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को जप्त किया गया। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी योगेन्द्र साहू को 24 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सरकारी जमीन पर कब्जा करके बना रहे मकान, नोटिस देकर भूला विभाग

**तालदेवरी।** बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत ग्राम करनौद में सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्जे और निर्माण का खेल बेखौफ जारी है। इस पर नोटिस देने के बाद भी अब तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करनौद में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाने को लेकर शिकवा शिकायतों का दौर चला। इसके बाद एसडीएम ने संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिये थे जिसपर मौका मुआयना करने पटवारी कि टीम पहुंची थी और संबंध व्यक्ति को नोटिस देने कि बात सामने आई थी,कुछ दिन निर्माण कार्य भी बंद किया गया था। वही अब पुनः व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। जिससे प्रशासन कि कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल उठ रहा है। दरअसल पूरा मामला बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के करनौद का है जहां खसरा नंबर 2335 का है, जो राजस्व अभिलेखों में छत्तीसगढ़ शासन के नाम दर्ज शासकीय भूमि है। यहां मिसदा निवासी एक व्यक्ति द्वारा लगभग 230 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध कब्जा कर पक्का मकान निर्माण किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार द्वारा निर्माण रोकने का नोटिस जारी किया गया, जिसमें तत्काल कार्य बंद करने, न्यायालय में उपस्थित होने और आदेश की अवहेलना पर दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। चांपा एसडीएम ने नायब तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाकर निर्माण कार्य रोके सहित जांच रिपोर्ट सौपने कि के निर्देश दिये थे जिसपर पटवारी द्वारा मौका मुआयना कर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया और निर्माण कार्य पर रोक लगाने कि बात कही। जिसपर कुछ दिन निर्माण कार्य पर रोक लगा था। इस संबंध में करनौद पटवारी बालकृष्ण पटेल का कहना है कि जांच रिपोर्ट तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर दी गई है। आगे की कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जाएगी।



सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण।

## बिहार में भटकी हुई बालिका को सकुशल किया बरामद, सौंपा परिजनों को

**सक्ती।** परिवार में फिर मुस्कान वापस लाने में कामयाब बाल कल्याण समिति की टीम जिला दरभंगा बिहार में भटकी हुई बालिका महिला एवं सक्ती में जानकारी प्राप्त हुआ जिसके संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोदले के दिशा निर्देश में जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा निर्माण बालिका को बिहार से बिहार से छत्तीसगढ़ स्थानांतरण के लिए प्रयास किया गया। जिसके तहत 23 फरवरी को बालिका दरभंगा (बिहार) से जिला- सक्ती स्थानांतरण करने के लिए तय हुआ, जिसमें ट्रेन विलंब से चलने के कारण जिला सक्ती के बाल कल्याण समिति के द्वारा विशेष बैठक आहूत कर रात्रि 9.30 बजे बालिका को प्राप्त कर मां को सुपुर्द किया गया। जिला सक्ती के बाल कल्याण समिति के द्वारा विशेष बैठक में संतोष जायसवाल अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, दीप्ति चटर्जी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चंद्रशेखर निषाद संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, अमितेश प्रजापति परामर्शदाता चाइल्ड हेल्प लाइन, विष्णु प्रसाद केस वर्कर चाइल्ड लाइन उपस्थित रहे

## पिकअप वाहन में पीडीएस चावल लोड मामले में कार्रवाई, मां काली सोसायटी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा शहर के वार्ड क्रमांक 21 में गरीबों के लिए आवंटित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल को बाजार में बेचने की तैयारी का मामला सामने आने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान मौके पर आवंटन से अधिक 6.8 क्विंटल चावल और 32 किलो शक्कर पाई गई, जबकि 1.29 क्विंटल नमक कम मिला। इस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित सोसायटी को निलंबित कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि एसडीएम के निर्देश पर खाद्य अधिकारी सुशील विश्वकर्मा ने वार्ड नंबर 21 में संचालित पीडीएस दुकान की जांच की। जांच के दौरान वार्ड पार्षद रमशीला देवांगन सहित कई हितग्राहियों के बयान दर्ज किए गए। हितग्राहियों ने दुकानदार पर मनमानी करने, तय समय पर दुकान नहीं खोलने तथा गरीबों के लिए आवंटित चावल को बाजार में बेचने के लिए पिकअप में लोड करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। जांच में अनियमितताएं स्पष्ट रूप से सामने आईं। मौके पर आवंटन से अधिक 6.8 क्विंटल चावल और 32 किलो शक्कर पाई गई, जबकि 1.29 क्विंटल नमक कम मिला। खाद्य अधिकारी ने जब्ती व पंचनामा की कार्रवाई करते हुए सभी साक्ष्य संकलित किए। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसडीएम ने माँ काली खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी सोसायटी चांपा को निलंबित कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आगे की जांच के बाद आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

**खास बात**

- एसडीएम के आदेश पर खाद्य अधिकारी ने की मामले की जांच

### नकल रोकने केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे उड़नदस्ता

# 10वीं अंग्रेजी की परीक्षा में 13 हजार उपस्थित, 442 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चंपा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 10वीं बोर्ड अंग्रेजी विषय के परीक्षा में शामिल होने के लिए 13 हजार 469 छात्र छात्राओं ने आवेदन जमा किए थे। जिसके तहत 13 हजार 27 छात्र छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 442 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

मंगलवार 24 फरवरी को जिले में संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कक्षा 10वीं विषय अंग्रेजी की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिले में परीक्षा में उपस्थित एवं अनुपस्थित छात्र छात्राओं की संख्या इस प्रकार है। अकलतरा में 2087 दर्ज परीक्षार्थियों में से 2024 उपस्थित, 63 अनुपस्थित, बलौदा में 1695 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1631 उपस्थित, 64 अनुपस्थित, बम्हनीडीह में 2435 दर्ज परीक्षार्थियों में से 2368 उपस्थित, 67 अनुपस्थित, नवागढ़ में 4193 दर्ज परीक्षार्थियों में से 4066 उपस्थित, 127 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखण्ड में 3059 दर्ज परीक्षार्थियों में से 2938 उपस्थित, 121 अनुपस्थित थे।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते उड़नदस्ता टीम।

### उडनदस्ता टीम ने किया तालदेवरी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**तालदेवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल व्दारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कक्षा दसवीं के अंग्रेजी पेपर में जिला स्तर के टीम के व्दारा परीक्षा केंद्र तालदेवरी में आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें एक भी नकल प्रकरण नहीं बना। जिला स्तर टीम में जिला समन्वयक डीएमसी हरिराम जायसवाल सहायक जिला समन्वयक श्रीमती हेमलता शर्मा व्याख्याता दीपक यादव व्याख्याता अनुभव तिवारी व्याख्याता दिनेश कुमार सोनवानी, केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा, उपकेद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत सहायक केंद्राध्यक्ष योगेश निर्मलकर भी उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने सभी आठ कमरा का बारी बारी से निरीक्षण किया गया जिसमें दसवीं अंग्रेजी पेपर में सभी परीक्षार्थियों ने बहुत ही सुन्दर अपने पर्चे हल कर रहे थे वहीं दसवीं में 367परीक्षार्थी में 361परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। दसवीं अंग्रेजी में जिला स्तर टीम ने और विभिन्न परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें किसी भी परीक्षा केंद्र में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना है। जिलास्तर टीम में डीएमसी हरिराम जायसवाल, सहायक जिला समन्वयक श्रीमती हेमलता शर्मा व्याख्याता, दीपक यादव व्याख्याता, अनुभव तिवारी व्याख्याता, दिनेश कुमार सोनवानी केन्द्राध्यक्ष, रमेश कुमार मेहरा उपकेद्राध्यक्ष, सुश्री बबीता भगत सहायक केंद्राध्यक्ष योगेश निर्मलकर शामिल थे।

## रेत खदानों में लगाया गया डिसप्ले, आम नागरिकों को मिल सकेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिला में स्वीकृत सभी 20 रेत खदानों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण कर लिया गया है। प्रत्येक रेत खदान के मुख्य मार्ग तथा खदान क्षेत्र के समीप उत्खनन-पट्टा विवरण की पट्टिकाएँ स्थापित की गई हैं, जिससे आम नागरिकों को खदान की स्वीकृति, संचालन और संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सके।

खदान क्षेत्र के दोनों ओर प्रारंभिक सीमा और अंतिम सीमा बिंदुओं पर स्पष्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे खदान की परिसीमा स्पष्ट रूप से चिह्नित रहे और अनधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में दिशा-सूचक पट्टिकाएँ भी स्थापित कर दी गई हैं, जिससे स्थल पर निरीक्षण और आवागमन सुगम हो सके। उप संचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। आम नागरिक किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत रेत खदानों से संबंधित अवैध गतिविधियों के बारे में नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों में प्रेम राजपूत- 8770924807, संजू लहरे- 8839538188, छतसिंह खैरवार- 9753266726, श्रावकुमार श्रीवास- 7447063227 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## विशिष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को मिली डाक्टरेट व डी-लिट की मानद उपाधि



**बिर्रा।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साहित्य–पुरातत्व महाभव्य अनुष्ठान में शिक्षा, साहित्य, पर्यावरण, बालिका शिक्षा, चिकित्सा सेवा, समाज सेवा सहित विविध आयामों में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को डाक्टरेट (विद्या वाचस्पति) तथा (विद्यासागर) डी-लिट की मानद उपाधि से गौरवपूर्ण सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी, सक्ती, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर-चांपा शिक्षक एवं साहित्यकार तथा डॉ. भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ शिक्षक, कन्हईभाठा जांजगीर को 'विद्यासागर' डी-लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप उपाधि-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं वस्त्र-अलंकरण भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुभा मुंजारे, नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामगोपाल सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके द्वारास सभी विभूतियों को अलंकरण प्रदान किया गया।। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर', 'गंगोत्री' पत्रिका की प्रधान संपादक डॉ. कविता गहरवार, संपादक डॉ. जगदीशचंद्र वर्मा, सह-संपादक डॉ. कुलदीप बिल्थरे तथा कार्यक्रम संरक्षक डॉ. कुलवंत सिंह सलूजा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला जगमहंत में न्योता भोज का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** सामाजिक सरोकार के क्षेत्रा में समाज के योगदान के लिए निर्मित प्रधानमंत्राी पोषण शक्ति योजना अंतर्गत सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना देने के साथ भोजन में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए न्योता भोजन शुरू किया गया है। इस तारतम्य में नवागढ़ ब्लाक प्राथमिक शाला जगमहंत के प्रधान पाठक श्रीमती चंद्रिका भवानी ने 21 फरवरी को अपने विद्यालय मे न्यौता भोज का आयोजन किया। न्यौता भोजन में विद्यालय में उपस्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जगमहंत के सभी छात्रा-छात्राओं सहित स्टाफ व गांव के गणमान्य लोगों को आमंत्रित कर खीर, पुड़ी, आचार- पापड, चावल, दाल सब्जी व मीठा परोसा गया। श्रीमती चंद्रिका भवानी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से अपने जन्मदिन, सालगिरह, गृहप्रवेश या किसी भी अन्य कार्यक्रम में स्कूलों में न्योता भोज दे सकता है। इस अवसर प्रधान पाठक बलराम जलतारे, विश्वनाथ कश्यप, नरोत्तम कुर्रे, श्रीमती सीमा रत्नाकर सहित रसोइयां रामबाई, भूरी बाई, गोदावरी, करीना, कविता व राजेन्द्र उपस्थित थे।

## निधन

### रमेश मित्तल



**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक डोंगाघाट चौक सदर बाजार निवासी रमेश मित्तल का मंगलवार 24 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। स्व. मित्तल अपने पीछे तीन पुत्रों एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 25 फरवरी को हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे निवास से निकलेगी।

### कात्रेनगर सोंठी में गौ उत्पाद एवं जैविक कृषि पर दिया गया प्रशिक्षण

# गौ आधारित उत्पाद और जैविक कृषि भारतीय ग्राम्य अर्थव्यवस्था की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ गौशाला कात्रेनगर सोंठी में आयोजित 5 दिवसीय गौ उत्पाद एवं जैविक कृषि प्रशिक्षण वर्ग का तृतीय दिवस श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

तृतीय दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गौ आधारित उत्पाद और जैविक कृषि भारतीय ग्राम्य अर्थव्यवस्था की आत्मा हैं। स्वदेशी, स्वावलंबन और प्राकृतिक जीवन पद्धति को अपनाकर ही गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। इसके पश्चात सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गौ उत्पाद निर्माण और जैविक खेती स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं तथा इससे ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र में गौ उत्पाद प्रशिक्षक श्रीमती लालिमा जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न उत्पादों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अब तक तीन प्रकार के दंत मंजन, गोनाइल, फेसपैक, धूप बत्ती, समरानी कप धूप, दीप, बरतन वॉश, गो अर्क निर्माण की विधियां सिखाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त गौमाता, भारतमाता, गणेश जी, लक्ष्मी जी सहित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक चित्र एवं सजावटी वस्तुएं तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं उत्पाद निर्माण कर सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई। चौथे दिवस में जितेंद्र कुमार साहू द्वारा जैविक कृषि विषयक विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें जीवामृत (तरल जैविक खाद), घनजीवामृत (ठोस खाद), बीजामृत (बीज उपचार विधि), पंचगव्य (ग्रोथ प्रमोटर), नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र, दशपर्णी अर्क, खट्टी छाछ (फफूंदनाशक), सप्तधान्यांकुर अर्क तथा गोबर की खाद निर्माण की वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। वर्ग प्रमुख हेमलाल सिंह, लोमसराम साहू प्रचारक, प्रशिक्षण प्रमुख घनश्याम तिवारी, बबलू सहित आश्रम के सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में निरंतर सक्रिय हैं। उनके समन्वित प्रयासों से यह प्रशिक्षण वर्ग अनुशासित, व्यवस्थित एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण का प्रारंभ प्रतिदिन प्रातः अग्निहोत्र से किया जाता है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित अग्निहोत्र से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा प्रतिभागियों में आध्यात्मिकता, समर्पण और सेवा भाव जागृत होता है। इसके उपरांत विषयवार तकनीकी एवं व्यवहारिक सत्र संचालित किए जाते हैं। यह प्रशिक्षण वर्ग गौ आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।





कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि एवं गौ उत्पाद से निर्मित वस्तुओं का किया अवलोकन।



## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 2 सौ अधिक लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- ग्राम मधुवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

ग्राम मधुवा में वेल विशर फाउंडेशन सामाजिक संस्था के तत्वावधान में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 200 लोगो का निशुल्क जांच एवं दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अभय कुमार, डॉ. एम. एस. कुमार, डॉ. हार्मोन्स, कोटमी थाना प्रभारी राजेंद्र छत्रिय, युवा समाज सेवी छोटू कश्यप ,ग्राम सरपंच सुरेश सरूता, प्रदीप दुबे, सुंदर प्रधान, राम कुमार साहू तथा उपसरपंच शुभम सिंह शामिल रहे।शिविर में विभिन्न रोगों सहित शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच व परामर्श कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि भास्कर शर्मा ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार मिल पाता है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव चिराग शर्मा ने किया व आभार संस्था सदस्य दीपक साहू ने किया। मधुवा के युवा समाज सेवी व वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य शरद सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में अपने गांव में ऐसे और शिविर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम ने वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य सतीश मानिकपुरी ,मनीष धीवर व स्वास्थ्य विभाग अकलतरा की टीम समेत बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थत रहे।

## नगर पंचायत नया बाराद्वार में 38 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण का भूमि पूजन

**बाराद्वार।** नया बाराद्वार नगर पंचायत अंतर्गत विकास कार्यों को नई गति देते हुए वार्ड क्रमांक 10 में दिनेश शर्मा प्रदेश मंत्री चैम्बर आफ़ कॉमर्स के मुख्य आतिथ्य में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कुल 38.13 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 10 में 38.13 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा प्रदेश मंत्री चैम्बर आफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री,अरुण शर्मा भाजपा जिला मंत्री सक्ती रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण कुर्रे नगर पंचायत अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, महावीर राठौड़ वरिष्ठ भाजपा नेता,पार्षद अजय सिंह राजपूत ,पार्षद अमित बरेठ,पार्षद पुष्पा भारत कर्ष, पार्षद पवन बंसल,धर्मेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष मंडल बाराद्वार रूप नारायण साहू सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया, शमीम ख़ान, दुर्गेश यादव, सचिन शर्मा, कीर्ति सागर बरेठ, मोती लाल कुर्रे, सीएमओ पुनीत वर्मा, लक्ष्मण दाहिरे, छतराम भैना सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आरसीसी नाली निर्माण से जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



## करही में अखंड नवधा रामायण 5 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरु वार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम करही निवासी जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन 14 मार्च दिन शनिवार को होगा। अखंड नवधा रामायण समिति करही के अध्यक्ष मुन्ना कश्यप को बनाया गया है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष उत्तरा विश्वकर्मा को और चमरू आदित्य को सचिव बनाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालेश्वर प्रसाद साहू विधायक जैजैपुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मे लाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

## सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थी जिला स्तर पर प्रथम स्थान के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- प्रभारी शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के विद्यार्थी जिला स्तर पर प्रथम स्थान के लिए हुए चयनित। कार्यक्रम का आयोजन जिला संयोजक राधे श्याम चन्द्रा और मुख्य अतिथि गायत्री शक्ती पीठ के व्यवस्थापक और शिक्षा विभाग में सहायक विकास खण्ड अधिकारी राजकुमार पटेल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन महेश साहू, भगतराम साहू, हीरानन्द साहू , प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, एस एल बरेठ के देख रेख में सम्पन्न हुआ। गायत्री परिवार हरिद्वार के द्वारा आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष कराया जाता है। इसमें अलग अलग स्तर पर प्रथम आने वालों छात्रों को कक्षा के अनुसार सम्मानित किया जाता है। इस परीक्षा के लिए माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा और प्राथमिक शाला की शिक्षिका चंचला चन्द्रा के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करके विद्यालय के अधिकतम बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार किया गया था। जिसमें से प्रीतम आदिले कक्षा पांचवीं शासकीय प्राथमिक शाला झालरौंदा और संध्या सांडे कक्षा आठवीं का चयन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के लिए चयनित हुए। गायत्री परिवार सक्ती में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इन छात्रों को मोमेंटो, पत्रिका , प्रशस्ति पत्र और 500 रूपये का नगद राशि प्रदान किया गया। प्रभारी शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा द्वारा इस कार्यक्रम को आज के परिवेश के लिए आवश्यक बताया जिससे छात्र अपने से बड़ों का सम्मान सीख सकें। आगामी वर्षों में उन्होंने विद्यालय से इस परीक्षा के लिए शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है। छात्रों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार और पालकों में हर्ष का माहौल है।




सम्मानित करते अतिथि।

## जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराएं नहीं, अवसर मानकर बढ़ें आगे

**अकलतरा।** ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संचालक डॉ. जे.के. जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय से जुड़े रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह विदाई केवल औपचारिक नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरुआत है। आज का यह अवसर हमारे लिए गर्व और भावनाओं का संगम है। आप सभी विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और जीवन मूल्यों को भी आत्मसात किया है। अब आप जीवन के नए चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहाa आपके ज्ञान, परिश्रम और आत्मविश्वास की वास्तविक परीक्षा होगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हुए इस संस्था का नाम सदैव रोशन करेंगे। जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराएं नहीं, बल्कि उन्हें अवसर मानकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और कॉलेज जीवन की यादों को साझा किया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को भावुक शब्दों में व्यक्त करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन छात्रा आयुषी साहू ने किया। समारोह में डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, अरविंद कुमार, संजीव चौहान, श्वेता सिंह चंदेल, दुर्गा टण्डन, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, नगेंद्र कुमार जांगड़े, राहुल राठौर, अर्जुन दास मोहले, संजना भास्कर, सोनम साहू, प्रिया खरे, श्रद्धा राठौर, सरिता पटेल, भूपेंद्र कुमार, चंद्ररुपा कश्यप, अशोक पाण्डेय, सुनीता पाण्डेय, पायल दास, राजेश कुमार, हितेश्वरी कश्यप, रश्मि मरकाम, कृष्णकांत चंद्राकर, समरीन मिर्जा, मनीष गंधर्व, आकाश दास, नीरज निर्मलकर, बृजनंदन पटेल, द्वाशराम कश्यप, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी गठित

**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर-चांपा द्वारा बाराद्वार में नवीन नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एबीवीपी के जिला विद्यार्थी विस्तारक ताम्रध्वज साहू एवं जिला संयोजक उदय पाण्डेय उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी गठन में बाराद्वार का नगर मंत्री नितेश साहू को बनाया गया है, वही सह मंत्री की जिम्मेदारी वंशिका शर्मा सोम राठौर सौरभ साहू सोमेश चंद्रा को दी गई है। एसएफएस संयोजक मनीष बरेठ सह प्रमुख तुलेश्वर साहू एसएफडी संयोजक संस्कार वैष्णव सहसंयोजक हिमांशु राठौर राष्ट्रीय कला मंच संयोजक दिव्या एवं सहसंयोजक कुमारी श्रद्धा बनी है। सोशल मीडिया संयोजक अंकित बरेठ सहसंयोजक अनीश यादव नगर विद्यालय संयोजक मिथेस बरेठ विद्यालय सहसंयोजक प्रकाश एवं हितेश बरेठ को बनाया गया है। खेलो भारत संयोजक मोचन राठौर वर्षा संयोजक निखिल बरेठ, कार्यालय व्यवस्था प्रमुख साहिल बरेठ को जिम्मेदारीदी दी गई है , वही नगर कार्यकारिणी सदस्यों में तुषार पैकरा मनीष यादव योगेश यादव विशाल बरेठ कार्तिकेश सिंह शुभम बरेठ अंकित बरेठ समीर सूर्यवंशी रिकेश साहू फलेश्वर पंकज सोनू एवं वरुण व साहिल यादव बनाए गए हैं व ग्रीन फील्ड विद्यालय प्रमुख भोलादास बनाए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने एवं छात्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा फौजी नंबर 14656889W है। मेरी माँ की जन्मतिथि 01 जुलाई 1966 है और नाम सुमित्रा देवी मेरे फौजी कागजात में गलत दर्ज हो गया है, जबकि आधार के अनुसार जन्मतिथि 01 जनवरी 1968 है तथा नाम सुमित्रा कुंभकार है तो भविष्य में मेरी माँ को सुमित्रा कुंभकार तथा आधार कार्ड में जन्मतिथि 01 जनवरी 1968 के मुताबिक ही माना जाए।

शपथकर्ता

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक Q/ कार्य. दण्डा./वा. /2024

सक्ती दिनांक 16/02/2026

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जान बाबू पिता सिट्रम साकिन सौंठी तहसील सक्ती जिला सक्ती ने अपने पिता सिट्रम ग्राम सौंठी तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक के दिनांक 18/11/1997 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 02/03/2026 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात पेश दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक Q/ कार्य. दण्डा./वा. /2024

सक्ती दिनांक 16/02/2026

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जान बाबू पिता सिट्रम साकिन सौंठी तहसील सक्ती जिला सक्ती ने अपने दादा सुखरू ग्राम सौंठी तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक को दिनांक 12/08/1960 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 02/03/2026 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## चौपाल लगाकर किसानों को फसल विविधीकरण के बारे में दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की गई अपील

जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में 13 फरवरी से 3 मार्च तक कृषि पखवाड़ा अंतर्गत कृषक चौपालों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परसदाकला, बासीन, धनपुर, डूमरपारा, सरवानी, जगदल्ला, सुंदरेली, लिमतरा, सकरेली कला, असौंदा, हरदा, मसनियाकला, रगजा, नवापारा खुर्द, पिकरीपार, लिमगांव, बसंतपुर, आड़लि, करीगांव, बेल्हाडीह, छोटे-सीपत, किरारी, खरताल, कुधरी, पिरदा, माहूलदीप, नवापारा, कुरदा, चंदली, परसापाली, भैंसामुहान, बड़े कटेकोनी, कानाकोट, लटियाडीह, पुरेनाबुड़ा, मौहापाली, पुटीडीह, छुहीपाली, कुसुमझर, चन्द्रपुर, धैराभाठा, ढेकनाभाठा, बिलाईगढ़ (सि), दतौद, बिछिया, धनुहारपारा, छितापंडरिया, हरदीडीह, हरेठीखुर्द, मुक्ता, किकिरदा, गुडरुकला, हरेठीकला, एवं झरप, ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल आयोजित किए गए। कृषि चौपालों में जिले में व्याप्त जल संकट को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की गई। आगामी खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी के तहत फरवरी से मई 2026 तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की सलाह दी गई तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई। धरती माता बचाओ अभियान' के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पी.एम. आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों के पंजीयन हेतु किसानों का आह्वान किया गया तथा जिले में खरीदी के लिए 6 समितियां पंजीकृत की गई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी, भूमि विवरण अद्यतन, आधार सीडिंग, अपात्र एवं संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन और सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी निर्माण तथा जिले में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी कर मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार का कार्य सात प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।




किसानों को जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी।

## मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन व जन संवाद कार्यक्रम आज

**सक्ती।** मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम 25 फरवरी को सामुदायिक भवन सक्ती में सुबह 11 बजे से होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्रौपती कीर्तन चंद्रा अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती करेंगी। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ने आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफStyle



# आलिया
## बाफ्टा के मंच पर छा गईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'

हॉलीवुड मसाला



## थॉर होना बच्चों को नहीं लगता कूल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ मजेदार अंदाज में बताया कि उनके बच्चों को उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लंदन में दिए एक इंटरव्यू में क्रिस ने कहा कि उनके बच्चे उनकी स्टारडम को बिल्कुल भी 'कूल' नहीं मानते। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता बिल्कुल भी नहीं। जब उन्हें पहली बार पता चला कि मैं 'थॉर' हूं, तो उन्हें बहुत कूल लगा। लेकिन, जब उन्हें समझ आया कि मैं सच में उड़ नहीं सकता, तो उन्हें उतना



## गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और।



## अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा


**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



## काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

टीवी मसाला



## पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन-चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं।

### पति पर फिर भड़कीं वड़ा पाव गर्ल

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक नई रील शेयर की है। इसमें उन्होंने पति युगम गेरा को चेतावनी दी है और कहा है कि उनके पास सिर्फ 3 दिन का समय है, उसके बाद वह उनका मां वाला रूप देखेंगे। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित बीते 20 दिनों से इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाने से लेकर मिस्ट्री मैन संग प्यार के फूल खिलाने तक के वीडियोज वह शेयर कर रही हैं, जिस पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। हालांकि, उनके पति भी पलटवार कर रहे हैं। इन तीनों के बीच आखिर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी तो हो नहीं सकी है। लेकिन, लेटेस्ट वीडियो में 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट ने 3 दिन की मोहलत जरूर दी है। इंस्टाग्राम पर चंद्रिका ने एक वीडियो बनाकर शेयर की। इसमें वह युगम को चेतावनी देते हुए कह रही हैं, 'दुकान चाहिए? रख। दुकान रखनी थी तो रख। दुकान का एक्सेस रख, पैसे रख, घर-बार सब रख ले। बस एक बात ध्यान से सुन, अब मुझे तुझसे जुड़ी चीज कुछ भी नहीं चाहिए। न तेरा पैसा, न तेरा नाम। तेरा नाम भी नहीं चाहिए। रोज-रोज-रोज... नहीं हो रहा है अब मेरे से।'



## जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज

मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर



खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं।

## फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।



### क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम

मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक 27 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है।

### वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा

# भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवाड्र्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स' का बोलबाला रहा।*

**मुंबई।** बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
- बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
- गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
- बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
- स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतार: फायर एंड ऐश
- ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
- राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)

**खबर संक्षेप**

## युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**जांजगीर- चाम्पा।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। रैली निकलने के बाद भाजपा कार्यालय से सामने पहुंच कर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी की।युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की गिरफ्तारी से नाराज युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मंगलवार 24 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रदर्शन किया। चाम्पा रोड में धरना सभा करने के बाद कार्यकर्ता रैली निकाल कर भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। भाजपा कार्यालय के बाहर बेरीकेटिंग कर तैनात पुलिस टीम ने सभी को मेन गेट के बाहर ही रोक लिया। कार्यालय के सामने बैठ कर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेसियों का कहना था कि सरकार द्वारा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु को बिना कारण गिरफ्तार करने का भी आरोप लगाया गया। साथ ही आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर युवा कांग्रेस और कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष बने लव

**चांपा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही चांपा नगर में



खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। चांपा निवासी युवा कार्यकर्ता लव देवांगन को भारतीय जनता युवा मोर्चा का नगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। लव देवांगन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, जिला अध्यक्ष एवं मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा को और अधिक मजबूत करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार की कथा सुन भाविभोर हुए श्रद्धालु

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पुटपुरा (गांजर पारा) में आयोजित श्रीमद्भागवत



कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य श्रद्धेय राधेश्याम शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, हिरण्यकश्यप वध एवं भगवान के नरसिंह अवतार की मार्मिक कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब मनुष्य आनंद की तल्लीनता में डूब जाता है, तब पाप उसका स्पर्श तक नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसा अमृत है, जिसका जितना अधिक रसपान किया जाए, मन उतना ही अधिक तृप्ति की अनुभूति करता है। कथावाचन के दौरान आचार्य शास्त्री ने हिरण्यकश्यप की कठोर तपस्या का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि दैत्यराज ने घोर तप कर ब्रह्माजी को प्रसन्न किया। ब्रह्माजी के प्रकट होने पर हिरण्यकश्यप ने वरदान मांगते हुए कहा कि उसकी मृत्यु न दिन में हो, न रात में; न घर के भीतर, न बाहर; न किसी अस्त्र-शस्त्र से, न अग्नि से, न जल में डूबकर—अर्थात वह अजर-अमर हो जाए। ब्रह्माजी ने उसे वरदान प्रदान किया। इसके बावजूद हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त बना रहा। पिता द्वारा विष्णु को शत्रु मानने और पुत्र की भक्ति से क्रोधित होकर उसे अनेक यातनाएं दी गईं। अंततः जब हिरण्यकश्यप ने क्रोध में आकर प्रह्लाद को मारने के लिए तलवार उठाई, तब महल का खंभा फट गया और उसी स्तंभ से भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार धारण कर प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का संहार किया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रह।

**राज्य सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया :** भाजपाइयों ने कहा- विकास का रोडमैप, कांग्रेसी बोली- डिजिटल झुनझुना

# खुला ओपी का पिटारा, किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के वित्तीय बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आई। सत्तारुढ़ भाजपा नेताओं ने इसे समावेशी विकास से आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के विकास का रोडमैप करार दिया है तो वहीं कांग्रेसियों ने इसे डिजिटल झुनझुना बताया है।

### प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला बजट

छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी के द्वारा प्रस्तुत किये गये विष्णुदेव साय सरकार के आम बजट 3.0 थीम संकल्प का स्वागत करते हुये इसे प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की ओर उठाये गये कदम का बजट नियोपित किया है। श्री चंदेल ने कहा कि इस बजट में छ.ग. के विकास का रोडमैप स्पष्ट झलक दिखाई देता है। बजट में समाज के सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है। गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला सहित सभी लोगों के प्रगति व उत्थान के लिये इस बजट में विशेष प्रावधान रखा गया है। इसके साथ प्रदेश के बुनियादी समस्याओं के निदान हेतु सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, शिक्षा सहित युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान करने का झलक इस बजट में दिखाई देता है।



नारायण चंदेल

### छलावा है बजट, आम जनता को कोई लाभ नहीं

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पामगढ़ विधायक शेषराह हरवंश ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट आम जनता के लिए छलावा है। इसमें गांव, गरीब, किसान के लिए कहीं कोई विशेष प्रावधान नहीं है। खासकरके बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए है। आंकड़ों की जादूगरी करके बजट के नाम पर भ्रम का एक पुलिंदा जारी किया गया है। वास्तविकता कुछ भी नहीं है। इस बजट को लेकर आम आदमी को जो महंगाई से राहत मिलने की उम्मीदें थी वह भी धरी की धरी रह गई।



शेषराज हरवंश

### समावेशी विकास से आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की ओर बड़ा कदम

भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट समावेशी विकास से आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की ओर बड़ा कदम है। अंबेश जांगड़े ने छग के वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट की तारीफ करते हुए कहा कि संकल्प बजट 2026-27 राज्य के सर्वांगीण और संतुलित विकास का रोडमैप है। लगभग 1.72 लाख करोड़ के इस बजट का उद्देश्य केवल वित्तीय प्रावधान करना नहीं, बल्कि नीति से परिणाम तक विकास को जमीन पर उतारना है। यह बजट सामाजिक न्याय, आर्थिक मजबूती और क्षेत्रीय संतुलन के सिद्धांतों पर आधारित है।



अंबेश जांगड़े

### अत्यंत निराशा जनक है सरकार का बजट

वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा ने बजट को अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और गरीब जनता को उम्मीद थी कि इस बजट में वैट कम कर पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए जाएंगे, जिससे महंगाई कम होगी, लेकिन वित्त मंत्री ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल कागजों पर 'विकसित छत्तीसगढ़' की बात करता है, जबकि हकीकत में गरीब, युवा और शहर की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। बजट केवल आंकड़ों का मायाजाल नजर आ रहा है।



दिनेश शर्मा

### विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता बजट

वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने इसे एक दूरदृष्टि वाला बजट निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिक्षा के विकास के लिए जिस तरह से प्रावधान किए गए हैं, उससे युवाओं के लिए ने रास्ते खुलेंगे। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य के लिए किए गए प्रावधान सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है। किसानों के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान बजट में किए गए है।



सौरभ सिंह

### आम जनता की दुर्गती करने वाला बजट

अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में केवल आंकड़ों का मायाजाल फैलाया गया है। बजट से किसी भी वर्ग को कोई लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ की जनता की दुर्गति करने वाला है। बजट में किसानों को झुनझुना थमा दिया गया है। वहीं छोटे व्यापारियों को भी ठगा गया है। युवाओं के लिए भी कोई राहत नहीं है।



राघवेन्द्र कुमार सिंह

### सर्वांगीण विकास और जनकल्याण की भावना से भरा बजट

जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कहा कि बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुदृढ़ स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था तथा जनकल्याण के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस बजट में आमजन की आवश्यकताओं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह बजट निश्चित रूप से जनहितकारी, विकासोन्मुख एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को नई दिशा और गति प्रदान करने वाला दूरदर्शी बजट साबित होगा।



गगन जयपुरिया

### किसानों के लिए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बजट

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता किसान नेता इंजी रवि पाण्डेय ने बजट का स्वागत करते हुए इसे किसानों के हित में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस बजट में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिंचाई, कृषि अधोसंरचना, समर्थन मूल्य व्यवस्था और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रावधान किए हैं, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। बजट गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इससे खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और युवाओं को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।



इंजी रवि पांडेय

### सरकार का बजट युवा और कृषि के संदर्भ में अधूरी दृष्टि

सेवा सहकारी समिति लोहर्सी-खरौद के पूर्व अध्यक्ष सुबोध शुक्ला का कहना है कि बजट में विकास के कई दावे किए गए हैं, परंतु युवा और कृषि क्षेत्र को लेकर स्पष्ट और दूरदर्शी रणनीति का अभाव महसूस होता है। राज्य की बड़ी आबादी युवा है, लेकिन रोजगार सृजन, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ठोस एवं व्यापक प्रावधान अपेक्षित थे। केवल प्रशिक्षण योजनाओं की घोषणा पर्याप्त नहीं है, जब तक उन्हें उद्योगों से जोड़कर स्थायी रोजगार के अवसर सुनिश्चित न किए जाएं। कृषि क्षेत्र में आधुनिक, लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाने की दिशा में ठोस पहल कम दिखाई देती है। एग्री-स्टार्टअप, कृषि आधारित उद्योग, प्रसंस्करण इकाइयों और तकनीकी नवाचार के लिए विशेष पैकेज की आवश्यकता थी।



सुबोध शुक्ला

### युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार

स्थानीय पार्षद एवं युवा कांग्रेस नेता प्रिंस चंद्रमौली शर्मा ने बजट को निराशा जनक बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का बजट 'विजन' कम और 'डिवीजन' ज्यादा नजर आ रहा है। युवाओं और निकायों के साथ सौतेला व्यवहार हुआ है। उन्होंने कहा कि बजट में तकनीक और भविष्य की बात तो की है, लेकिन वर्तमान में बेरोजगारी और बदहाल नगरीय व्यवस्था से जूझ रहे युवाओं व आम जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल 'डिजिटल झुनझुना' मिला है ।



प्रिंस शर्मा

### बजट में नारी शक्ति का रखा विशेष ध्यान

बजट की सराहना करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष हितेश यादव ने कहा कि छग की महतारी व बहनों के लिए इस बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान करते हुए बहुत अच्छी योजनाएं लाई गई है। रानी दुर्गावती योजना 18 साल की होने पर लड़कियों को 1.5 लाख आर्थिक सहायता मिलेगी। महतारी वंदन योजना के लिए भारी बजट का प्रावधान 8,200 करोड़ रखा है ताकि विवाहित महिलाओं को आर्थिक मदद मिल सके।



हितेश यादव

### सिर्फ जुमला और आंकड़े बाजी का बजट

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामलाल यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार बजट को संकल्प का नाम दिया गया है, लेकिन हकीकत कुछ और ही दिखती है। उन्होंने कहा कि बजट सिर्फ जुमला और आंकड़ेबाजी नजर आ रहा है। इस बजट में आम जनता को कोई राहत नहीं मिलने वाली, बल्कि आम जनता पर बोझ बढ़ेगा। नई घोषणाएं तो की गई है, लेकिन महज कागजी है। असली मुद्दों से दूरी नजर आ रही है। बजट में केवल लुभावने वायदे ही किए गए है।



रामलाल यादव

### आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट

भाजपा के जिला प्रवक्ता विकास शर्मा ने कहा कि संकल्प बजट 2026-27 केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकास को गांव से शहर तक और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराता है। यह बजट राज्य के समग्र, संतुलित और सतत विकास का ऐसा विजन प्रस्तुत करता है, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन को भी समान महत्व दिया गया है।



विकास शर्मा

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबुती

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने छग सदन मे प्रस्तुत हुए भाजपा सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट 2026-27 राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जो कृषि और ग्रामीण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। यह बजट किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर गांवों का निर्माण करने का लक्ष्य रखता है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट से कृषि और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



पंकज अग्रवाल

### विकास, उद्योग और जनकल्याण की दिशा में बड़ा कदम

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट को विकासोन्मुख और जनहितकारी बताते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि यह बजट प्रदेश के भविष्य को मजबूत आधार देने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की दूरदृष्टि से राज्य सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार की हैं। साथ ही बताया कि करीब 5,700 करोड़ से बढ़कर 1.72 लाख करोड़ तक पहुंचा बजट लगभग 30 गुना वृद्धि के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास और संवेदनशीलता दोनों का संतुलन दिखाई देता है।



अमर सुल्तानिया

### आम जनता को गुमराह करने का प्रयास

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस बार भी बजट के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है। बजट में युवाओं और बेरोजगारों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है, जो निराशाजनक है। उन्होंने किसानों की भी स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस बार खरीदे गए धान में हजारों किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं, और बजट में उनके लिए कोई राहत या उपाय दिखाई नहीं दे रहा है।



विवेक सिसोदिया

### पूर्व सेवा अवधि की गणना न होने पर हताशा

राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनुभव तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा सराहनीय कदम है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत होगी। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बजट में पूर्व सेवा अवधि को वर्तमान सेवा काल में शामिल न किए जाने से कर्मचारियों में निराशा है। उनका कहना है कि कई कर्मचारी लंबे समय से सेवा दे रहे हैं, लेकिन उनकी पूर्व सेवा अवधि की गणना न होने से उन्हें पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा।



अनुभव तिवारी

### कैशलैस चिकित्सा सुविधा का स्वागत

राजस्व पटवारी संघ जिला जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बजट में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा शामिल किए जाने पर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। धर्मेंद्र यादव ने इसे कर्मचारी वर्ग और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत बताते हुए ऐतिहासिक निर्णय कहा है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी की स्थिति में अब कर्मचारियों को आर्थिक चिंता से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। यह निर्णय कर्मचारी हितों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। कैशलैस चिकित्सा सुविधा लंबे समय से कर्मचारियों की प्रमुख मांग रही है।



धर्मेन्द्र यादव

### किसान, युवा, महिला एवं बुजुर्ग हितैषी बजट

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा ने कहा कि बजट राज्य के सर्वांगीण, संतुलित और दूरदर्शी विकास का दस्तावेज है। यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि "विकसित छत्तीसगढ़" के संकल्प को सिद्ध करने का सशक्त रोडमैप है। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब और किसान के उत्थान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने, सिंचाई और अधोसंरचना के विस्तार के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, वे स्पष्ट करते हैं कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष योजना व बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने की पहल इस बजट को संवेदनशील एवं समावेशी बनाते हैं।



कृष्णकांत चंद्रा

### छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बजट

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाकोषाध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य स्तर पर एक ठोस प्रयास है। बजट में किए गए प्रावधान छत्तीसगढ़ के विकास में महती भूमिका निभाएंगे। अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और डिजिटल कनेक्टिविटी पर विशेष बल देकर सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि छत्तीसगढ़ केवल संसाधनों का प्रदेश नहीं, बल्कि संभावनाओं का प्रदेश है। उन्होंने बजट को जनहितकारी, दूरदर्शी और विकासोन्मुख बताया। बजट को सरकार के विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट निश्चित रूप से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।



रामनरेश यादव

### हर वर्ग के लिए साबित होगा फायदेमंद

भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करे हुए कहा कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंद साबित होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश का 2026 का बजट युवा, महीला, किसान, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा,उदयोग, परिवहन, एवं शासकीय कर्मचारियों का बजट सभी वर्गों को देखते हुए बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश का 2026 का बजट युवा, महिला, किसान, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा,उदयोग, परिवहन, एवं शासकीय कर्मचारियों का बजट सभी वर्गों को देखते हुए बजट तैयार किया गया है।



आशुतोष गोस्वामी

### लोककल्याणकारी व जनहितैषी बजट

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट जन हितैषी लोक कल्याणकारी एवं छत्तीसगढ़ के विकास की प्रगति का बजट है। इस बजट में किसानों महिलाओ युवाओं एवं सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। स्वास्थ एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है शासकीय कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किया गया है, छत्तीसगढ़ के विकास की गाथा लिखने वाला बजट है। उन्होंने बजट में बेटियों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता और किसानों को ब्याज मुक्त ऋण जैसी घोषणाओं को सरकार की संवेदनशील सोच का उदाहरण बताया। साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का रोडमैप है।



विनोद शर्मा

## स्कूल का कराया कायाकल्प, अब आधुनिक सुविधा में शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

सेवा, संवेदनशीलता और संकल्प की सशक्त मिसाल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर

- राहौद व्यापारी समिति अंध, मूक-बधिर बच्चों का बना सहारा

शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापारी सेवा समिति राहौद द्वारा स्थानीय विद्यालय का समुचित उन्नयन (मॉडिफिकेशन) कर उसे आदर्श मॉडल स्वरूप प्रदान किया गया है। यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता और समावेशी सोच का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

समिति द्वारा विद्यालय की कक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाया गया, आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई, खेलकूद की सुविधाओं का विस्तार किया गया तथा स्वच्छ एवं पृथक शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित की गई। विद्यालय परिसर को सुरक्षित एवं बच्चों के अनुकूल वातावरण में परिवर्तित किया गया, ताकि मुखबधिर एवं श्रवण बाधित बच्चे आत्मविश्वास के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। हाल ही में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने रंगोली बनाकर आत्मीय स्वागत किया।





बच्चों के साथ उपस्थित राहौद व्यापारी समिति के पदाधिकारी।

इस अवसर पर समिति द्वारा बच्चों को खेलकूद हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा खेल सामग्री का वितरण किया गया। समिति सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल गतिविधियों में सहभागिता कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कान इस प्रयास की सफलता का प्रमाण बनी। विद्यालय परिवार ने समिति के इस सराहनीय कार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समिति सदस्यों को सरोपचार, पुष्पमाला, प्रशस्ति पत्र एवं धन्यवाद पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।विद्यालय प्रबंधक मंडल ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कार्य केवल भौतिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक जनसेवा की सच्ची भावना का परिचायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जनसहयोग, सामाजिक संस्थाओं के समर्थन तथा प्रशासन की अनुशंसा और सहयोग से ऐसे समावेशी मॉडल विद्यालय पूरे छत्तीसगढ़ में स्थापित हों, ताकि विशेष आवश्यकता वाले प्रत्येक बच्चे को समान, सुरक्षित और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके। विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन से भी आग्रह किया कि इस प्रकार की पहल को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, जिससे यह मॉडल राज्य स्तर पर विस्तारित हो सके।





